रजिस्टर्ड नं० पी०/एस० एम० 14.

राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

(असाधारण)

हिमाचल प्रदेश राज्यशासन द्वारा प्रकाशित

शिमला, शनिवार, 11 अक्तूबर, 1980/19 आश्विन, 1902

हिमाचल प्रदेश सरकार

विधि विभाग

अधिसूचनाएं

शिमला-171002, 18 सितम्बर, 1980

क्रमांक एल० एल० आर० डी० (1)-1/76.—चूंकि समाज का ग़रीब एवं पिछड़ा वर्ग अपने विधिक अधिकारों को प्रवर्तित करने में असुविधाग्रस्त है;

और चूंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 39-क के अन्तर्गत मुफ्त कानूनी सहायता देने का प्रावधान होने के कारण गरीब एवं पिछड़े वर्ग को कानूनी सहायता देना राज्य की जिम्मेदारी हो जाती है;

और चूंकि गरीबों को कानूनी सहायता की व्यवस्था करने की समस्या राष्ट्रीय नीति का स्वरूप धारण कर चुकी है तथा यह विषय राज्य सरकार के चिन्तन का विषय रहा है;

और चूंकि इस समय राज्य में गरीबों तथा अनुसूचित जातियों एवं अनु0 जन जातियों को कानूनी सहायता उपलब्ध करवाने के लिए अलग अलग नियम प्रवृत हैं और राज्य सरकार का मत है कि इस विषय पर सभी कमजोर वर्गों के लिए तत्सम विभिन्न प्रवृत नियमों में उपान्तरण एवं संशोधन करके उसके स्थान पर एक ही प्रकार के व्यापक नियम बनाये जाने नितांत आवश्यक हैं, ताकि समाज के ऐसे सभी वर्गों, जोकि आर्थिक विषमता एवं अन्य कठिनाईयों की असमर्थता के कारण अपने विधिक अधिकार प्रवर्तित कराने से वंचित रहे हैं, को न्याय के समान अवसर मिल सकें ।

अतः आर्थिक एवं सामाजिक तौर पर पिछड़े वर्गों को उनके विधिक अधिकारों को प्रवर्तित कराने की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल महोदय निम्नलिखित नियमों को सहर्ष बनाते हैं:—

हिमाचल प्रदेश राज्य गरीबों को कानूनी सहायता के नियम, 1980

अध्याय 1

प्रारम्भिक

1. संक्षिप्त नाम, प्रसार तथा प्रारम्भ.—(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश राज्य गरीबों को कानूनी सहायता के नियम, 1980 है ।

(2) इनका प्रसार सम्पूर्ण हिमाचल प्रदेश राज्य में है।

(3) ये उस तारीख को प्रवृत होंगे जिसे राज्य सरकार अधिसूचना द्वारा नियत करे और विभिन्न क्षेत्रों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी।

2. परिभाषाएं.—इन नियमों में जब तक कि संदर्भ में अन्यथा अपेक्षित न हो,—

(क) "सहायता प्राप्ति व्यक्ति" से अभिप्रेत है वह व्यक्ति जिसको इन नियमों के अधीन कानूनी सहायता उपबन्धित हो और इसमें दोनों में से कोई भी पक्ष आता है,

(ख) "बोर्ड" से अभिप्रेत है नियम 3 के अधीन गठित हिमाचल प्रदेश राज्य कानूनी सहायता बोर्ड ।

(ग) "कानूनी सहायता" से अभिप्रेत है अध्याय 7 में विनिर्दिष्ट कानूनी सहायता और इसमें कानूनी सलाह भी सम्मिलित है,

(घ) "विधि व्यवसायी" पद का वही अर्थ होगा जो अधिवक्ता अधिनियम, 1961 (1961 का 25) में नियत किया गया है,

(ङ) "विधिक कार्यवाही" से अभिप्रेत है किसी न्यायालय का आरम्भ से अन्तिम निपटारे तक सिविल, दाण्डिक या राजस्व कार्यवाही और इसके अन्तर्गत ऐसी कार्यवाही संस्थिति करने के लिए उठाये गये प्रारम्भिक कदम भी आते हैं,

(च) "पात्र व्यक्ति" से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 23 के अधीन मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का पात्र व्यक्ति, और

(छ) "अध्यक्ष" से अभिप्रेत है नियम 3 के अधीन गठित बोर्ड का अध्यक्ष ।

अध्याय–2

बोर्ड का गठन

3. बोर्ड का गठन.––(1) इन नियमों के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा एक बोर्ड का गठन किया जायेगा जो हिमाचल प्रदेश राज्य कानूनी सहायता बोर्ड कहलायेगा।

(2) हिमाचल प्रदेश राज्य कानूनी सहायता बोर्ड की सरंचना निम्न प्रकार से है:––

(1) संरक्षक .. मुख्य मन्त्री ।
(2) अध्यक्ष .. विधि मन्त्री ।

सदस्यगण

(3) मुख्य सचिव, हिमाचल प्रदेश सरकार,
(4) सचिव (विधि), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(5) सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(6) सचिव (कल्याण), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(7) महाधिवक्ता, हिमाचल प्रदेश,
(8) सरकार द्वारा नाम निर्देशित अधिवक्ता, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय,
(9) सरकार द्वारा नाम निर्देशित अनुसूचित जाति अथवा अनु0 जन-जाति का व्यक्ति।

4. बोर्ड की कार्यकारिणी समिति.––बोर्ड की कार्यकारिणी समिति की संरचना निम्न प्रकार से है:––

(1) सचिव (विधि), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(2) सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(3) उप-सचिव (गृह), हिमाचल प्रदेश सरकार..संयोजक,
(4) सचिव (कल्याण), हिमाचल प्रदेश सरकार,
(5) सरकार द्वारा नाम निर्देशित अनु0 जाति अथवा अनु0 जन-जाति का व्यक्ति।

5. बोर्ड तथा इसकी समितियों के सदस्यों को देय पारिश्रमिक द्वंव यात्रा भत्ता इत्यादि.––(1) बोर्ड तथा इसकी समिति के सदस्य बोर्ड एवं समिति के कृतयों सम्बन्धित किसी काम को करने के लिए किसी पारिश्रमिक के हकदार नहीं होंगे।

(2) बोर्ड तथा इसकी समिति के उन अशासकीय सदस्यों जो विधान सभा सदस्यों में या संसद सदस्यों से नाम निर्देशित किए जाते हैं, को वही यात्रा एवं दैनिक भत्ता मिलेगा जो उनको विधान सभा के सदस्य अथवा यथास्थिति, संसद सदस्य के रूप में अनुज्ञेय है।

(3) बोर्ड तथा समिति के अन्य अशासकीय सदस्यों को वही यात्रा एवं दैनिक भत्ता मिलेगा जो राज्य सरकार के प्रथम वर्ग के अधिकारियों को अनुज्ञेय है।

6. सदस्यों द्वारा राज्य सरकार के प्रावाद प्रर्यन्त पद धारित किया जाना.––(1) बोर्ड या उसकी समिति के पदेन सदस्यों से भिन्न सभी सदस्य राज्य सरकार के प्रसाद प्रयंत पद धारण करेंगे।

(2) यदि कोई व्यक्ति अपने द्वारा धारित पद के आधार पर बोर्ड या इसकी समिति के सदस्य के रूप में नाम निर्देशित या नियुक्त किया जाए तो ज्यों ही वह उस पद पर न रह जायेगा त्योंही वह सदस्य न रह सकेगा।

7. सदस्यों द्वारा त्याग-पत्र.––बोर्ड या उसकी कार्यकारिणी समिति का नाम निर्देशित या नियुक्त सदस्य बोर्ड के अध्यक्ष को सम्बोधित लिखित त्याग-पत्र कर अपने पद का त्याग कर सकेगा।

8. आकस्मिक रिक्तियों का भरा जाना.––(1) बोर्ड या उसकी समिति के किसी सदस्य को, उसकी पद त्याग, मृत्यु या अन्य कारण से हुई रिक्ति, जहां तक हो सके, शीघ्र भरी जायेगी।

(2) बोर्ड या उसकी कार्यकारिणी समिति का कोई कार्य या कार्यवाही मात्र उस में रिक्ति के कारण ही अविधिमान्य न होगी।

9. बोर्ड के अधिकारी और सेवक.––बोर्ड अपने उतने अधिकारियों और सेवकों की नियुक्ति कर सकेगा जितने कि वह इन नियमों के अधीन अपने कृत्यों के दक्षतापूर्ण निर्वहण के लिए आवश्यक समझे, और बोर्ड के ऐसे अधिकारी और सेवक उन्हीं सेवा शर्तों के अध्यधीन होंगे जो बोर्ड द्वारा समय-समय पर अधिकथित की जाएं।

अध्याय 3

बोर्ड तथा कार्यकारिणी के कृत्य

10. बोर्ड के कृत्य.––बोर्ड के कृत्य निम्नलिखित होंगे:––

(क) (1) समिति के कार्य।
(2) सम्पूर्ण राज्य में कानूनी सहायता के संचालन और प्रशासन का पर्यवेक्षण, निदेश एवं नियन्त्रण करना;
(ख) कानूनी सहायता के लिए व्यय मन्जूर और आवंटित करना;
(ग) सहायता प्राप्त व्यक्तियों को अधिनिर्णीत खर्चे की वसूली के लिए कार्यवाहियां आरम्भ करना;
(घ) विभिन्न समितियों से कालिक रिपोर्ट मांगना;
(ङ) कानूनी सहायता तथा कानूनी सलाह के प्रशासन, मुकद्दमेंबाजी, तथा खर्च और विलम्ब को कम करने के लिए न्यायालयों के व्यवहार और प्रक्रिया में सुधार के विषय में राज्य सरकार को सिफारिशों पर पेश करना;
(च) अपने कर्तव्यों तथा कृत्यों के समुचित निर्वहन के लिए समितियों को साधारण या विशेष निर्देश देना;
(छ) राज्य सरकार को अपने कार्यों की वार्षिक रिपोर्ट पेश करना;
(ज) उच्च न्यायालय तथा उच्चतम न्यायालय में फाईल किए जाने वाले लम्बित केसों की, कानूनी सहायता देने के लिए छानबीन करना;
(झ) कानूनी कार्यवाहियों में सुलह को प्रोत्साहित करना,
(ञ) कल्याण विभाग के माध्यम से, विशिष्टत: जनता के कमजोर वर्ग के सदस्यों को, सिविल अधिकारों तथा विभिन्न अधिनियमतियों के अधीन उन्हें उपलब्ध अधिकारों से शिक्षित और अवगत कराना;
(ट) इन नियमों के उद्देश्यों के निष्पादन के प्रयोजनार्थ ऐसे कर्तव्यों का सम्पादन और ऐसे कृत्यों का निर्वहन करना जिन्हें बोर्ड विनिश्चित और राज्य सरकार निर्देशित करें।

अध्याय 4

बोर्ड तथा कार्यकारिणी समिति के कारोबार का संचालन

11. कारोबार का संचालन.—इन नियमों के उपबन्धों के अध्याधीन बोर्ड तथा कार्यकारिणी समिति की बैठक की प्रक्रिया वही होगी जो बोर्ड अवधारित करें।

12. बैठक का कार्यवृत.—(1) बोर्ड या इसकी कार्यकारिणी समिति की प्रत्येक बैठक में उपस्थित सदस्यों के नामों और उसकी कार्यवाहियों का एक कार्यवृत रखा जायेगा कार्यवृत यथास्थिति, बोर्ड या कार्यकारिणी समिति के सदस्यों द्वारा, सभी उचित समयों पर, निःशुल्क निरीक्षण के लिए खुला रहेगा।

(2) कार्यवृत हिन्दी (देवनागरी लिपि) में लिखित रूप में होगा।

13. कोरम.—बोर्ड या कार्यकारिणी समिति की बैठक के लिए कोरम, तत्समय बोर्ड या कार्यकारिणी समिति को गठित करने वाले सदस्यों के एक तिहाई सदस्यों का होगा।

अध्याय 5

कानूनी सहायता समितियों का गठन

14. उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति का गठन, अवधि एवं कृत्य.—(1) राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के लिए कानूनी सहायता समिति का गठन करेगी जो उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति कहलाएगी। उक्त कानूनी सहायता समिति की संरचना निम्न प्रकार से की जा सकती है :—

(क) मुख्य न्यायाधीश, हिमाचल प्रदेश द्वारा नाम निर्देशित हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय का एक न्यायाधीश, अथवा सरकार द्वारा नाम निर्देशित, किसी उच्च न्यायालय का अवकाश प्राप्त न्यायाधीश .....अध्यक्ष।

सदस्यगण

(ख) सचिव, विधि विभाग।
(ग) महाधिवक्ता, हिमाचल प्रदेश.....संयोजक।
(घ) अध्यक्ष, विधिज्ञ परिषद्।
(ड़) अनुसूचित जाति तथा अनु0 जन-जाति का प्रतिनिधि।

(2) उच्च न्यायालय कानूनी सहायता के ऐसे पूर्णकालिक और अंशकालिक कर्मचारी वृन्द होंगे जिन्हें राज्य सरकार अनुमोदित करें।

(3) समिति अपने कारोबार के संचालन के लिए ऐसी प्रक्रिया का पालन करेगी जैसी वह समुचित समझें या जैसी राज्य कानूनी सहायता बोर्ड समय समय पर विहित करें।

(4) यदि कोई व्यक्ति समिति का अध्यक्ष अथवा सदस्य नहीं रहता तो उसकी रिक्ति उसी ढंग से भरी जाएगी जिस ढंग से उसकी मौलिक नियुक्ति की गई है:

परन्तु जहां राज्य सरकार सन्तुष्ट है कि रिक्ति को नियमानुसार भरने में कुछ समय लगने की सम्भावना है और परिस्थितियां ऐसी हैं कि तुरन्त कार्रवाई करना आवश्यक है तो राज्य सरकार, उस कालावधि के लिए जब तक रिक्ति नियमानुसार नहीं भरी जाती, अध्यक्ष के कर्तव्यों के निर्वहन एवं उसकी शक्तियों के प्रयोग करने हेतु अथवा समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए, किसी भी व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगी।

(5) इस समिति के अशासकीय सदस्यों की पदावधि इसके गठन की तारीख से 3 वर्ष होगी :
परन्तु राज्य यदि सरकार आवश्यक समझें तो—

(क) समिति को विघटित कर सकेगी तथा पुनर्गठित कर सकेगी।

(ख) समिति के किसी अशासकीय सदस्य की रिक्ति को भर सकेगी अथवा किसी अशासकीय सदस्य की पदावधि उतनी बढ़ा सकेगी जितनी राज्य सरकार उपयुक्त समझें।

(6) उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति, पात्र व्यक्तियों के लिए कानूनी सहायता की व्यवस्था करेगी ताकि वह हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में लम्बित, स्थिति की जाने के लिए प्रस्तावित कार्यवाहियों के खर्च का पूर्णत: या अंशत: वहन करने में समर्थ हो सकें।

15. बैठक का संचालन.—उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति की बैठकों के बारे में नियम 11, 12 और 13 यथावश्यक परिवर्तन सहित लागू होंगे :

परन्तु यहां पर न्यायालय की भाषा, हिन्दी से भिन्न है तो उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति का अभिलेख स्वेच्छा से न्यायालय की भाषा अथवा हिन्दी (देवनागरी लिपि) में रखें जाएंगे।

16. ज़िला तथा उप-मण्डल कानूनी सहायता समितियों का गठन, अवधि एवं कृत्य —(1) राज्य सरकार, उपयुक्त व्यक्तियों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए जिला एवं उप-मण्डलीय मुख्यालयों में, कानूनी सहायता समितियां गठित करेगी। ऐसी प्रत्येक समिति, उस स्थान को, जहां इसका मुख्यालय नियत हो, कानूनी सहायता समिति कहलाएगी।

(2) ज़िला समिति राज्य सरकार द्वारा यथा नाम-निदेशित सात सदस्यों की और उप-मण्डलीय समिति पांच सदस्यों की होगी।

ज़िला कानूनी सहायता समिति तथा उप-मण्डल कानूनी सहायता समिति की संरचना निम्न प्रकार से की जा सकती है जिसमें समय-समय पर परिवर्तन करने का अधिकार बोर्ड को रहेगा:—

ज़िला कानूनी सहायता समिति

(क) जिला मैजिस्ट्रेट .. अध्यक्ष
(ख) मुख्य न्यायिक मैजिस्ट्रेट .. सदस्य
(ग) अध्यक्ष ज़िला विधिज्ञ परिषद् .. सदस्य

(घ) यथास्थिति जिला अटार्नी एवं लोक अभियोजक अथवा सहायक जिला अटार्नी एवं लोक अभियोजक	..	सदस्य सचिव
(ङ) जिला कल्याण अधिकारी	..	सदस्य
(च) राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित दो अनुसूचित जाति/जन-जाति के व्यक्ति	..	सदस्य

उप-मण्डलीय कानूनी सहायता समिति

(क) उप-मण्डल पदाधिकारी	..	अध्यक्ष
(ख) उप-मण्डल का न्यायिक मैजिस्ट्रेट	..	सदस्य
(ग) सहायक लोक अभियोजक	..	सदस्य सचिव
(घ) राज्य सरकार द्वारा नाम निर्देशित से अनुसूचित जाति/जन-जाति का व्यक्ति	..	सदस्य
(ङ) राज्य सरकार द्वारा नाम निदेशित समाज सेवक	..	सदस्य

(3) समिति के अशासकीय सदस्यों की पदावधि इसके गठन की तारीख से 3 वर्ष होगी: परन्तु यदि राज्य सरकार आवश्यक समझें :--

(क) समिति को विघटित और पुनर्गठित कर सकेगी,

(ख) समिति के किसी अशासकीय सदस्य की रिक्ति को भर सकेगी, और

(ग) समिति के अध्यक्ष या किसी सदस्य को हटा सकेगी।

(4) यदि कोई व्यक्ति समिति का अध्यक्ष अथवा सदस्य नहीं रहता तो उसकी रिक्ति उसी ढंग से भरी जाएगी जिस ढंग से उसकी मौलिक नियुक्ति की गई हो :

परन्तु जहां राज्य सरकार सन्तुष्ट है कि रिक्ति को नियमानुसार भरने में कुछ समय लगाने की सम्भावना है और परिस्थितियां ऐसी हैं तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक है तो राज्य सरकार उस कालावधि के लिए जब तक रिक्ति नियमानुसार नहीं भरी जाती, अध्यक्ष के निर्वहन एवं उसकी शक्तियों के प्रयोग करने हेतु अथवा समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने के लिए, किसी भी व्यक्ति को नियुक्त कर सकेगी।

17. समितियों के सदस्यों का देय पारिश्रमिक एवं दैनिक भत्ता.--समिति का कोई भी सदस्य, समिति के कृत्यों से सम्बन्धित किसी काम को करने के लिए किसी भी पारिश्रमिक का हकदार नहीं है।

(2) समिति के उन अशासकीय सदस्यों, जो विधान सभा सदस्यों या संसद सदस्यों में से नाम निर्देशित किये जाते को वही यात्रा एवं दैनिक भत्ता मिलेगा जो उनका यथा स्थिति, विधान सभा सदस्य अथवा संसद् सदस्य के रूप में अनुज्ञेय है।

(3) समिति के अन्य अशासकीय सदस्यों, जो उप-मण्डलीय कानूनी सहायता समिति के सदस्य नहीं हैं, को वही यात्रा एवं दैनिक भत्ता दिया जाएगा जो राज्य सरकार के प्रथम वर्ग के अधिकारियों को अनुज्ञेय है तथा उप-मण्डलीय कानूनी सहायता समिति के अशासकीय सदस्यों को वैसा यात्रा एवं दैनिक भत्ता मिलेगा जैसा कि राज्य सरकार के द्वितीय वर्ग के अधिकारियों को अनुज्ञेय है।

अध्याय 6

बोर्ड की निधियां

18. बोर्ड की निधियां.—(1) बोर्ड की एक अपनी निधि होगी और वह उसे कायम रखेगा और बोर्ड की सभी प्राप्तियां उसी में आकलित होंगी और बोर्ड द्वारा किए जाने वाले सभी भुगतान उसी से होंगे।

(2) इन नियमों में अन्यथा उपबन्धित होते हुए भी राज्य सरकार इन नियमों के अन्तर्गत गठित प्राथमिक समितियों को उनके कृत्यों के निर्वहन हेतु, आवश्यक धनराशि आंवटित करेगी तथा तत्सबन्धी समितियां राज्य सरकार द्वारा समय समय पर दिए गए निदेशों के अनुसार ऐसी आंवटित धनराशि के लेखें रखेगी और उनको संपरीक्षित करवायेगी तथा उनसे सम्बन्धित सभी अन्य वितीय औपचारिकतायें एवं अपेक्षित बातें पूरी करेगी।

(3) बोर्ड इन नियमों के सभी या किसी प्रयोजन के लिए केन्द्रीय या राज्य सरकार या स्थानीय प्राधिकार या किसी व्यक्ति या निकाय से चाहे वह नियमित हो या नहीं आर्थिक सहायताऐं चन्दे और दान प्राप्त कर सकेगा।

(4) बोर्ड की निधि इसके द्वारा नियमों के प्रयोजनों, जिनके लिए एतद्द्वारा गठित समितियों को धनराशि का आवंटन किया जाये को कार्यान्वित करने में लगायी जाएगी ।

(5) बोर्ड की निधियां ऐसी रीति से जमा की जायेंगी जिसें राज्य सरकार विशेष या साधारण आदेश द्वारा निर्देशित करें, और

(6) लेखा ऐसे अधिकारी द्वारा संयुक्त या व्यक्तिगत रूप में संचालित किया जाएगा जो बोर्ड द्वारा प्राधिकृत किया जाये।

19. बोर्ड का बजट.—(1) बोर्ड प्रति वर्ष ऐसी तारीख तक, जिसे राज्य सरकार नियत करें प्राक्कलित प्राप्तियां और व्यय दशार्ते हुए अगले वित्तीय वर्ष का बजट तैयार करेगा और राज्य सरकार को प्रस्तुत करेगा।

(2) बोर्ड एक पूरक बजट ऐसे प्रारूप में और ऐसी तारीख तक, जो विहित की जाये, राज्य सरकार की मन्जूरी के लिए प्रस्तुत कर सकेगा।

20. वार्षिक रिपोर्ट.—(1) बोर्ड वित्तीय वर्ष के अन्त से तीन महीने के भीतर, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष के दौरान अपने कार्यकलापों का पूर्ण वृतान्त देते हुए एक वार्षिक रिपोर्ट ऐसी रीति से तैयार और राज्य सरकार को अग्रेषित करेगा जो अधिकथित की जाये।

21. बहियों और लेखों का रखा जाना.—(1) बोर्ड समुचित लेखा बहियों तथा ऐसी अन्य बहियां, जो अपेक्षित हो, कायम रखेगा और लेखा का वार्षिक विवरण तैयार करवाएगा।

(2) बोर्ड अपने लेखाओं को ऐसे व्यक्ति द्वारा वार्षिक रूप से संपरीक्षित करायेगा जिसे राज्य सरकार निर्देशित करें।

(3) बोर्ड के लेखाओं की संपरीक्षा ज्यों ही हो जाए, बोर्ड उसकी एक प्रति संपरीक्षक (आडिटर) की रिपोर्ट तथा उस पर बोर्ड की टिप्पणियों के साथ राज्य सरकार को भेज देगा।

(4) बोर्ड संपरीक्षक (आडिटर) की रिपोर्ट और उस पर अपनी टिप्पणी के परिशीलन के बाद उन निदेशों का अनुपालन करेगा जिन्हे राज्य सरकार निर्गत करना उपयुक्त समझे।

22. सांख्यिकीय विवरणियां और विवरण.—बोर्ड राज्य सरकार को ऐसे सांख्यिकी, विवरणियां, विशिष्टियां या विवरण ऐसे समय और ऐसे प्रारूप और रीति से, जिसे राज्य सरकार, समय-समय पर निर्देशित करे प्रस्तुत करेगा।

अध्याय 7

कानूनी सहायता एवं कानूनी सलाह

23. सहायता के पात्र व्यक्ति.—ये नियम ऐसे व्यक्तियों जिनकी सभी विदित स्रोतों से होने वाली मासिक आय 300 रुपये से अधिक नहीं होगी पर लागू होंगे।

24. वे मामले जिनमें कानूनी सहायता दी जा सकेगी.—(1) पूर्ववर्ती नियम के उपबन्धों के अध्याधीन किसी विधिक कार्यवाही में कानूनी सहायता तभी दी जा सकेगी यदि :—

(क) निम्नलिखित शर्तें पूरी होती हों, अर्थात्:—

(1) प्रथम दृष्टा मामला है, और

(2) दावा उचित है और कानूनी सहायता के अभाव में दावेदार अपना विधिक अधिकार पाने में असमर्थ है।

(ख) पक्षकार ने इन नियमों के अधीन दी गई कानूनी सलाह, यदि कोई हो, के अनुसार कार्य किया है।

(2) उप-नियम (1) के उपबन्धों के अध्याधीन, जिला कानूनी सहायता सलाह समिति स्वप्रेरणा से या कानूनी सहायता के विषय में अपने द्वारा प्राप्त सूचना पर या सम्बद्ध व्यक्ति के आवेदन पर विधि कार्यवाही के किसी प्रक्रम में कानूनी सहायता दे सकेगी।

(3) कानूनी सहायता किसी न्यायालय में ऐसी विधिक कार्यवाहियों में अनुमान्य होगी जिसमें किसी विधि व्यवसायी द्वारा प्रतिनिधित्व प्रमाणित न हो।

25. कानूनी सहायता का प्रकार.—इन नियमों के अधीन कानूनी सहायता निम्नलिखित किसी या सभी प्रकार से दी जा सकेगी जैसे—

(क) कोर्ट फीस, आदेशिक फीस, गवाहों पर खर्च तथा विधिक कार्यवाही के सम्बन्ध में देय तथा अन्य सभी चार्ज,

(ख) किसी विधि व्यवसायी द्वारा किसी विधि कार्यवाही में प्रतिनिधित्व,

(ग) किसी विधिक कार्यवाही के संस्थित करने से पूर्व, यथावश्यक पूर्वक विधि सलाह के लिए देय फीस,

(घ) किसी विधिक कार्यवाही के फैसले और आदेशों की प्रमाणित प्रतिलिपियों की आपूर्ति,

(ङ) किसी कानूनी कार्यवाही में दस्तावेजों के मुद्रण और अनुवाद सहित अपील कागज पत्र बही की तैयारी,

(च) ऐसा कोई अन्य प्रकार जो उपयुक्त समझा जाये।

26. वे मामले जिनमें कानूनी सहायता नहीं दी जाएगी.—निम्नलिखित मामलों में किसी प्रकार की कानूनी सहायता या कानूनी सलाह अनुदत नहीं की जाएगी या नहीं दी जाएगी :—

(क) मानहानि,

(ख) विवाह वचन भंग,

(ग) विद्वेषपूर्ण अभियोजन के लिए नुक्सानी,

(घ) निर्वाचन सम्बन्धी विषय,

(ङ) जहां किसी व्यक्ति ने आर्थिक अपराध, नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 (1955 का 22), स्त्री तथा लड़की अनैतिक व्यापार दमन अधिनियम, 1956 (1956 का 104), आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 (1955 का 10) तथा देहज प्रतिशोध तथा बाल विवाह अवरोध जैसी सामाजिक विधियों के विरुद्ध कोई अपराध किया हो,

(च) ऐसे अन्य मामले जहां समिति का कारणों का उल्लेख करते हुए, अभिमत हो कि कानूनी सहायता उपलब्ध करना समुचित नहीं हो, या

(छ) ऐसे अन्य मामले जो विहित किए जाएं।

27. कानूनी सहायता के लिए आवेदन.—(1) आवेदन इन नियमों में उपबन्ध परिशिष्ट "क" में विहित किये गये प्रारूप में तत्सम्बन्धी कानूनी सहायता समिति के सचिव के कार्यालय में लिया जायेगा जो इसके लिए रसीद देगा।

(2) जिस कानूनी सहायता समिति के पास उप-नियम (1) के अधीन आवेदन किया जाये वह, इन नियमों के उपबन्धों के अध्याधीन, आवेदक को कानूनी सहायता का अनुदान मन्जूर करने वाले आदेश ऐसी प्रारुप में देगा जो विहित किया जाये।

(3) कानूनी सहायता समिति, सहायता प्राप्त व्यक्ति को कानूनी सहायता के प्रदान करने के आदेश की एक प्रति उस न्यायालय को भेज देगी जिसमें विधिक कार्यवाही संस्थित की जाने वाली हो या निपटारे के लिए लम्बित हो।

28. अत्यावश्यक मामलों में अध्यक्ष द्वारा कार्यवाही किया जाना.—यदि इन नियमों के विभिन्न उपबन्धों के अधीन गठित, किसी समति के अध्यक्ष की राय में कि ऐसी आवश्यकता आ गई है जिसमें तुरन्त कार्यवाही करना अपेक्षित हो गया है, तो उसका अध्यक्ष, सम्बद्ध समिति के अनुमोदन की प्रत्याशी में, ऐसी कार्यवाही करेगा जैसी वह आवश्यक समझें और वह तदोपरान्त यथाशीघ्र अपने इस कार्य की रिपोर्ट समिति को दे देगा।

(2) उप-नियम (1) के अधीन रिपोर्ट प्राप्त कर लेने पर यदि, सम्बद्ध समिति अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यवाही को अनुमोदित न करे तो यह इस विषय को निम्नलिखित के पास निर्दिष्ट कर देगी :—

(1) उच्च-न्यायालय कानूनी सहायता समिति या जिला सहायता समिति के अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यवाही की दशा में बोर्ड के पास,

(2) उप-मण्डल कानूनी सहावता समिति के अध्यक्ष द्वारा की गई कार्यवाही की दशा में जिला कानूनी सहायता समिति के पास जिस पर उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।

29. आवेदक द्वारा करारनामा तथा प्राभिकरण का निष्पादन.—(1) दाणिक कार्यवाही के अतिरिक्त उन सब मामलों में जिनमें किसी व्यक्ति को कानूनी सहायता प्रदत्त की गई है, आवेदन को इन नियमों के परिशिष्ट "ख" पर विहित प्रपत्र में एक करारनाम निष्पादित करना होगा।

(2) ऐसे व्यक्ति को उप-नियम (1) में विनिर्दिष्ट किसी कार्यवाही में उसके/उनके पक्ष में दी गई अज्ञप्ति या पारित आदेश के निष्पादन के लिए सरकार को सशक्त करने तथा वसूलियों में से ऐसी धनराशि जो राज्य सरकार को कानूनी सहायता देने में व्यय करनी पड़ी की प्रतिपूर्ती के लिए आवश्यक है के विनियोग करने हेतु प्रपत्र "ग" में एक अपरवर्त्य प्राभिकरण-पत्र भी निष्पादित करना होगा।

(3) उप-नियम (1) अथवा (2) के अन्तर्गत प्रदत्त या वसूल की गई सब धन राशियां राज्य सरकार के कोष में जमा होंगी।

30. वकील का नामित किया जाना.—ज्योंही समिति किसी आवेदक को कानूनी सहायता अनुदत्त करने का विनिश्चय करे तथा आवेदक पूर्ववर्ती नियम में विनिर्दिष्ट करारनामा तथा प्राभिकरण-पत्र निष्पादित करें त्योंही कानूनी सहायता समिति राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किए जाने के लिए राज्य पैनल के वकीलों में से एक उपयुक्त वकील को नामित करेगी, जो आवेदक को अपनी सेवायें निःशुल्क प्रदान करेगा और सम्बद्ध कार्यवाही में उसका प्रतिनिधित्व करेगा। उसे फीस के रूप में ऐसी रकम दी जाएगी जैसे कि इन नियमों के नियम 45 में अधिकाधित है।

31. परिव्यय का भुगतान अनुदान में किया जाना.—आवश्यक दस्तावेजों की नकलों के लिए तथा सम्बद्ध कार्यवाही में अदायदेयगवहा खर्च के बारे में सभी परिव्यय उक्त अनुदान, से ही भुगताए जाऐंगे ।

32. समिति द्वारा लेखाओं को कायम रखा जाना.—इन नियमों के अधीन कानूनी सहायता की आय और व्यय के विषय में समिति द्वारा एक पृथक लेखा कायम रखा जाएगा।

33. कानूनी सहायता का रद्द किया जाना.—(1) समिति, स्वप्रेरणा से या उस प्राधिकारी के आवेदन करने पर जिसने सहायता अनुदत की हो, उस व्यक्ति को अनुदत सहायता, यदि —

(क) वह व्यक्ति सम्बद्ध कार्यवाही के अनुक्रम में तंग करने वाले या अनुचित आचरण का दोषी पाया गया हो, अथवा

(ख) यह प्रतीत हो कि उसकी आय अब इतनी हो गयी है कि उसे कानूनी सहायता पाते नहीं रहना चाहिए, अथवा

(ग) उसने नियम 30 के अधीन सौंपे गए वकील से भिन्न वकील रख लिया हो, अथवा

(घ) किसी अन्य पर्याप्त कारण से समिति का यह विचार हो कि उसे कानूनी सहायता जारी रखना समुचित न होगा,

तो ऐसे व्यक्ति को अपने ऐसा करने के आशय का कम से कम सात दिनों का लिखित नोटिस देने तथा इस विषय में उसे सुनवाई का अवसर देने के पश्चात् अनुदत सहायता रद्द कर सकेगी ।

(2) उप-नियम (1) के अधीन कानूनी सहायता समिति का विनिश्चय, अपील पर उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति के विनिश्चय के अध्याधीन रहते हुए अन्तिम होगा।

34. उपगत खर्चों का प्रतिपूरित किया जाना.—किसी ऐसी विधिक कार्यवाही में, जिसमें कोई सहायता प्राप्त व्यक्ति एक पक्षधार हो, यदि न्यायालय सहायता प्राप्त व्यक्ति के पक्ष में खर्चे सहित कोई आदेश या डिग्री पारित करे तो ऐसा सहायता प्राप्त व्यक्ति कानूनी सहायता में उक्त समिति द्वारा उपगत सभी खर्च समिति को प्रतिपूरित करने का दायी होगा और उसके ऐसा करने में असफल होने पर, उसके द्वारा देय रकम उस रीति से वसूली योग्य होगी जैसे वह भू-राजस्व का कोई बकाया हो ।

35. विधि व्यवसायों का किसी सहायता प्राप्त व्यक्ति से कोई फीस प्राप्त नहीं करना.—ऐसे विधि व्यवसायी जिनको इन नियमों के अधीन फीस देय हो, या भुगतायी गयी हो, सहायता प्राप्त व्यक्ति से कोई फीस पाने का हकदार न होगा और न ही वह प्राप्त करेगा।

स्वयं सेवा कानूनी सहायता एजेंसियां

36. स्वयं सेवा कानूनी सहायता एजेन्सी.—(1) बोर्ड स्वेच्छा कानूनी सहायता प्रोत्साहित करने के लिए ऐसी शर्तों और प्रतिबन्धों पर, जैसा कि वह उचित समझे, स्वयं सेवा कानूनी सहायता केन्द्रों या क्लिनिकों को मान्यता प्रदान करेगी। ऐसी प्रत्येक केन्द्र या क्लिनिक एक अधिवक्ता के प्रभाराधीन होगा। कई अधिवक्ता मिल कर एक सामान्य केन्द्र या क्लिनिक बना सकेंगे।

(2) स्वयं सेवी सहायता केन्द्र या क्लिनिक, बोर्ड द्वारा समय-समय पर बनाये गये मार्ग-दर्शक सिद्धान्तों के अनुसार लोगों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान कर सकेगा।

37. कानूनी सहायता के लिए आवेदन और तदुपरि जांच.—(1) कानूनी सहायता के लिए आवेदन के साथ किसी मैजिस्ट्रेट के समक्ष दिया गया हलफनामा संलग्न रहेगा, जिसमें आवेदक द्वारा धारित स्थावर सम्पति का ब्योरा, और यह तथ्य कि उसकी विदित स्त्रोतों से होने वाली मासिक आय 300 रुपये से अधिक नहीं है, उपदर्शित रहेगी:

परन्तु यह कि ऐसा कोई हलफनामा व्यक्ति के आवश्यक नहीं होगा जिसने उच्च न्यायालय के समक्ष लम्बित या अनुध्यात कार्यवाही में सहायता के लिये उच्च न्यायालय कानूनी सहायता समिति में आवेदन दिया हो, यदि उसे निचले न्यायालय में उसी मामले में कानूनी सहायता प्रदान की जा चुकी है।

(2) समिति, संदेह की दशा में आवेदक के साधन की अभिनिश्चित करने के लिए प्रखण्ड विकास पदाधिकारी या किसी अन्य शासकीय अभिकरण के माध्यम से ऐसी अतिरिक्त जांच कर सकेगी, जैसे वह उचित समझे।

(3) अत्यावश्यकता या किन्ही समान कारणों की दशा में, समिति अपने अंतिम विनिश्चय को लम्बित रहने तक, अन्तरिम रूप से कानूनी सहायता अनुज्ञात कर सकेगी।

38. मामले के गुणागुण का अभिनिश्चत किया जाना.—समिति, आवेदक को कानूनी सहायता अनुज्ञात करने के पूर्व, उपबन्ध साक्ष्य की प्रकृति और मात्रा तथा आवेदक के दावे की सदभाविकता पर भी विचार करेगी जिसके लिए कानूनी सहायता की मांग की गई हो।

39. निर्धन व्यक्तियों की दशा में जांच का नहीं किया जाना.—इन नियमों के उपबन्धों के अधीन रहते हुए, सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की प्रथम अनुसूची के आदेश 33 के अधीन, जिस व्यक्ति को न्यायालय द्वारा निर्धन व्यक्ति को प्रसुविधा दी गई हो, वह इन नियमों के अधीन कानूनी सहायता का हकदार होगा और उसके लिए नियम 37 में उल्लिखित हलफनामा देना आवश्यक नहीं होगा और इस विषय में नियम 37 के अधीन कोई जांच नहीं की जायेगी।

40. कानूनी सहायता बन्द कर देने की शक्ति.—समिति आवेदक के आचरण और अन्य सुसंगत परिस्थिति पर विचार कर लेने के पश्चात् किसी समय उससे पूर्व में प्रदत्त कानूनी सहायता बन्द कर सकेगी।

41. असाधारण दशाओं में कानूनी सहायता प्रदान करने की बोर्ड की शक्ति.—इन नियमों में अन्तर्विष्ट किसी प्रतिकूल बात के होते हुए भी, राज्य कानूनी सहायता बोर्ड असाधारण कष्ट की दशाओं में, ऐसी जांच यदि कोई

हो, कर लेने के पश्चात् जैसा यह आवश्यक समझे कानूनी सहायता समिति को किसी वाद या अन्य कार्यवाही में, कि ऐसे व्यक्ति को कानूनी सहायता अनुज्ञात करने का निदेश दे सकेगा, जो बोर्ड की राय में, इन नियमों के अन्तर्गत ऐसी सहायता के योग्य है, यद्यपि वह अन्यथा इसका हकदार नहीं है।

42. सुलह.—समिति उन विवादों में, जिनमें कानूनी सहायता चाहने वाला व्यक्ति पक्षकार हो, समझौता या सुलह कराने का प्रयास करेगी।

43. मुकद्दमेंबाजी प्रारम्भ होने के पूर्व कानूनी सहायता देना.—समिति, राज्य सरकार द्वारा नियुक्त किये जाने के लिए ऐसे वकीलों का एक पैनल रखेगी, जो गरीबों को मुफ्त कानूनी सहायता देने के लिए सहमत है। ऐसी सहायता, सामान्यतः तथा मामलों उन्हीं में उनके न्यायालय अधिकरण या अन्य प्राधिकरण में जाने के पूर्वक, सलाह देने तक ही समिति रहेगी, किन्तु समिति पैनल के किसी विधि व्यवसायी से यह अपेक्षा कर सकेगी कि वह किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकरण में किसी साधन विहिन व्यक्ति का पक्ष-पत्र (ब्रोक) स्वीकार करें।

44. पैनल के वकीलों की नियुक्ति.—(1) राज्य सरकार द्वारा न्यायिक कार्यवाहियों में गरीबों को कानूनी सहायतार्थ पैनल वकीलों और पक्ष-पात्र धारकों की नियुक्ति की जायेगी। किसी जिले, उप-मण्डल या उच्च न्यायालय के लिए नियुक्त किये जाने वाले पैनल वकीलों और पक्षपत्र धारकों की संख्या राज्य सरकार द्वारा अवधारित की जायेगी।

(2) पूर्वगामी उप-नियम में निर्दिष्ट पैनल के वकील तथा अन्य जो उसमें सम्मिलित किये जायें, राज्य सरकार के अधीक्षण, नियन्त्रण तथा निदेशन में रहते हुए, अपने कृत्यों जो कि तत्सम्बन्धी समिति उनके अपेक्षित करती हो, का निर्वहन करेंगे।

45. पैनल वकीलों को देय फीस.—पूर्वगामी नियम में निर्दिष्ट वकीलों को फीस ऐसी दरों पर देये होगी जिन पर,—

(क) उच्च न्यायालयों में सरकारी वकीलों को,

(ख) जिला न्यायालयों तथा निचले न्यायालयों में सरकारी वकीलों या लोक अभियोजकों को, दीवानी या फौजदारी मामलों में विधि विभाग नियमावली के अन्तर्गत देय होती हो।

46. मामलों का पैनल वकीलों को न्यस्त किया जाना.—समिति पैनल वकीलों या पक्षपत्र धारकों को, ऐसी रीति से पक्षपत्र न्यस्त करेगी जैसे वह उचित समझे। जब तक कि समिति सन्तुष्ट न हो जाए कि उनके अपने हितों में परस्पर विरोध है, तब तक किसी एक मामले में अन्तर्ग्रस्त पृथक-पृथक आवेदकों के लिए पृथक-पृथक काउंसेल की व्यवस्था नहीं की जायेगी।

47. कानूनी सहायता के अन्य प्रकार.—उन आवेदकों को जिन्हें कानूनी सहायता दी जा चुकी हो, अनुदत्त डिग्री के निष्पादन या अनुतोषक के प्रवर्तन के लिए मुफ्त कानूनी सहायता दी जा सकेगी।

असाधारण दशाओं में, जहां समिति सन्तुष्ट हो जाए कि आवेदक की आदेशिका करने या गवाहों को हाजिर करने की फीस के भुगतान अथवा दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतिलिपियां अभिप्राप्त खर्च का वहन करने का भी साधन नहीं है, वहां यह ऐसे खर्चों की भी व्यवस्था कर सकेगी।

48. कैदियों को सुविधा.—कैदियों, जिनमें विचाराधीन कैदी भी आते हैं, जब तक वे हिरासत में हैं और सहायता प्राप्त करने के अच्छुक हैं, को कानूनी सहायता अनुदान एवं वैद्य परामर्श के लिए आवेदन देने तथा उसे प्राप्त करने के लिए हर सम्भव सुविधा प्रदान की जायेगी।

49. कठिनाईयों का निराकरण करना.—(1) यदि इन नियमों के उपबन्धों को प्रभावी करने में कठिनाई उत्पन्न हो/होती है तो राज्य सरकार, शासकीय राजपत्र में प्रकाशित आदेश द्वारा ऐसे उपबन्ध कर सकेगी या इन नियमों के अध्यधीन गठित किसी समिति अथवा बोर्ड को ऐसे निदेश दे सकेगी जो इन नियमों के प्रयोजनों से असंगत न हों और जो उस कठिनाई के निराकरण करने के लिए उसे आवश्यक या समीचीन प्रतीत हो।

(2) समिति तथा बोर्ड ऐसे निदेशों, जो उप-नियम (1) के अधीन समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा दिये जायें को प्रतिपालित करेगी/करेगा।

50. निरसन.—(1) गरीबों को कानूनी सहायता (हिमाचल प्रदेश) नियम तथा हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन-जाति कानूनी सहायता नियम, 1974, एतद्द्वारा निरसन किये जाते हैं।

(2) इन नियमों के अधीन की गई कोई भी बात, या की गई कोई भी कार्यवाही, (उक्त नियमों के अधीन दिए गए किन्हीं निदेशों और आदेशों को सम्मिलित करते हुए) इन नियमों के अधीन की गई समझी जायेगी मानों कि यह नियम उस दिनांक को, जिसको ऐसी बात की गई थी या ऐसी कार्यवाही की गई थी, प्रवृत थे।

राज्यपाल,
हिमाचल प्रदेश के आदेशानुसार।

परिशिष्ट-क

[नियम 27 की उप-धारा (1) देखिए]

कानूनी सहायता के लिए आवेदन का प्रारूप

सेवा में,

कानूनी सहायता समिति

1. आवेदक का नाम एवं पता
2. क्या वह हिमाचल प्रदेश में निवास करता है/करती है।
3. उसका व्यवसाय
4. (क) क्या वह कोई सम्पति धारण करता/करती है?
   (ख) यदि हां तो उसका ब्योरा—
   (1) अचल
   (2) चल
5. सभी विदित स्रोतों से होने वाली वार्षिक आय (अचल, चल तथा अन्य सम्पति एवं व्यवसाय से प्राप्य आय का ब्योरा अलग-अलग देना अपेक्षित है)।

6. आवेदक के परिवार के अन्य सदस्यों की वार्षिक आय।
7. क्या आवेदन केवल कानूनी सहायता या कानूनी परामर्श अथवा दोनों के लिए है?
8. वैधिक सलाह के लिए विषादक तथ्यों का तथा सलाह वाद हेतु का स्पष्ट वर्णन कीजिए। वैधिक सहायता हेतु कार्यवाही जहां (न्यायालय) वह लम्बित है इत्यादि के पूर्ण विवरण का स्पष्ट वर्णन करें।
9. (क) क्या पहले भी कभी कानूनी सहायता के लिए आवेदन किया गया है, या उक्त कानूनी सहायता अनुदत अथवा अस्वीकार की गई है?
   (ख) यदि हां तो उसका ब्योरा
10. क्या नियम 37 में निर्दिष्ट हलफनामा संलग्न है?
11. अन्य कोई विवरण जो आवेदक देना चाहे।

दिनांक.....
स्थान.....

(आवेदक के हस्ताक्षर)

मैं.....आवेदक एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता/शपथ लेता हूं और कहता हूं कि ऊपर वर्णित मेरी पूर्ण जानकारी, ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य है और इसके साक्ष्य में मैंने आवेदन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अभिसाक्षी के हस्ताक्षर

परिशिष्ट-ख

[नियम 29 की उप-धारा (1) देखिए]

(राज्य सरकार द्वारा कानूनी सहायता में उपगत व्यय की प्रतिपूर्ती के लिए पात्र व्यक्ति द्वारा निष्पादित किए जाने वाले करारनामों का प्रारूप)

यह करार श्री/श्रीमती.....सपुत्र/सपुत्री श्री.....जिनकी आयु.....वर्ष है और.....निवास करता/करती है (जिसे इसके पश्चात् "पात्र व्यक्ति" कहा गया है और इसके अन्तर्गत उसके वारिस, प्रशासक और विधिक प्रतिनिधि भी हैं) द्वारा राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश (जिन्हें इसके पश्चात् "सरकार" कहा गया है) के पक्ष में आज तारीख.....को किया गया।

यत:.....समिति ने पात्र व्यक्ति को हिमाचल प्रदेश राज्य गरीबों को कानूनी सहायता के नियम, 1980 के अनुसार.....के उच्च न्यायालय/न्यायालय में मुकदमा संख्यांक..... बनाम.....को इसके पश्चात् "विधिक कार्यवाही" से विनिर्दिष्ट है कानूनी सहायता करने का विनिश्चय किया है:—

अतः यह करार इस बात का साक्षी है कि उपर्युक्त के प्रतिफलस्वरूप पात्र व्यक्ति एतद्द्वारा प्रसंविदा एवं इकरार करता है कि यदि पात्र व्यक्ति विधिक कार्यवाही में सफल हो जाता है तथा विपक्षी से,

(क) कोई धनराशि, जिसके अन्तर्गत खर्चे भी आते हैं अथवा,

(ख) कोई अन्य आय देने वाली या देने योग्य सम्पति को पुनः प्राप्त करने का हकदार हो जाता है तो वह उक्त धनराशि अथवा सम्पति को विपक्षी से बसूल करेगा तथा ऐसी बसुली हो जाने पर वह सर्वप्रथम सरकार के उस सीमा तक जो सरकार द्वारा उसे कानूनी सहायता देने में उपगत व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए आवश्यक है, भुगतान करेगा ।

पात्र व्यक्ति यह भी करार करता है कि यदि वह विपक्षी से उक्त धनराशि को वसूल करने में कोई कार्यवाही नहीं करता अथवा जब वसूल हो जाए तो सरकार को देय धनराशि का भुगतान करने में असफल रहता है तो इस विषय में उपलब्ध अन्य उपचारों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, सरकार अथवा समिति को संदेय रकम को, भू-राजस्व के बकाया रूप में, वसूल करने का हक होगा ।

यह करार किया जाता है कि स्टाम्प शुल्क सरकार देगी ।

इसके साक्ष्य स्वरूप इसके पक्षकार उक्त तारीख को इसमें अपने हस्ताक्षर करते हैं । उक्त पात्र व्यक्ति ने—

(1).....

(2).....

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए.....

(पात्र व्यक्ति के हस्ताक्षर,)

राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश, के लिए और उनकी ओर से

(1).....

(2).....

की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए.....

(प्राधिकृत अधिकारी द्वारा)

(परिशिष्ट-ग)

[नियम 29 का उप-नियम (2) देखिए]

(निष्पादित किये जाने वाला अपरवर्त्य प्राभिकरण पत्र का प्रारूप)

यह प्राभिकरण पत्र श्री/श्रीमती.....सुपुत्र/सुपुत्री श्री.....जिनकी आयु.....वर्ष है और.....में निवास करता है/करती है (जिसे इसमें आगे "पात्र व्यक्ति" कहा गया है) द्वारा राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश (जिन्हें आगे "सरकार" कहा गया है) के पक्ष में आज तारीख.....को दिया गया ।

यतः.....समिति ने पात्र व्यक्ति को हिमाचल प्रदेश राज्य गरीबों को कानूनी सहायता के नियम, 1980 के अनुसार.....के उच्च न्यायालय/न्यायालय में मुकदमा संख्या..... बनाम.....(जिसे इसमें "विधिक" कार्यवाही कहा गया है) कानूनी सहायता अनुदत्त की है ;

और यतः पात्र व्यक्ति ने प्रसंविदा एवं इकरार किया है कि किसी धनराशि की वसूली जिसमें खर्चे अथवा अन्य सम्पति जो कोई आय दे रही है या देने योग्य है, की कार्यवाही में उसके पक्ष में किसी आज्ञप्ति या पारित आदेश का सरकार निष्पादन कर सकती है ।

अतः यह विलेख इस बात का साक्षी है कि पात्र व्यक्ति अपने नाम पर तथा अपनी ओर से एतद्द्वारा सरकार को:

(1) विधिक कार्यवाही में दी गई उक्त आज्ञप्ति अथवा किए गए आदेशों को निष्पादन या पालन करवाने हेतु,

(2) उसके अन्तर्गत उक्त रकम या सम्पति को वसूल करने अथवा पुनः प्राप्त करने हेतु तथा

(3) उसमें से उसके ऐसे भाग जो, जितनी सरकार द्वारा अनुदत की गई कानूनी सहायता के लिए उपगत धनराशि के शोधन के लिये आवश्यक है; के विनियोजन हेतु अपना प्राभिकता नियुक्त करता/करती है ।

और पात्र व्यक्ति को यह भी मन्जूर है कि प्राप्तिकर्ता के रूप में इस विलेख के आधार पर सरकार जो कुछ भी विध्यनुसार करेगी या करवायेगी उसका यह अनुसमर्थन एवं पुष्टि करेगा।

और पात्र व्यक्ति को यह भी मान्य है कि यह प्राभिकरण पत्र अपरावर्त्य होगा। इसके साक्ष्य में पात्र व्यक्ति ने इस विलेख पर हस्ताक्षर किए हैं ।

(पात्र व्यक्ति के हस्ताक्षर)
जय चन्द,
सचिव।

Simla-171002, *the* 18*th September*, 1980

No. LLR-D-(1)-1/76.—Whereas the poor and weaker sections of the society are handicaped in enforcing their legal rights;

And whereas Article 39-A of the Constitution of India provides for free legal aid, it is obligatory for the State Government to provide free legal aid to the poor and weaker classes;

And whereas the problem to provide free legal aid to the poor has assumed the nature of a national policy, and that this subject has been engaging the attention of the State Government;

And whereas at present there are different sets of rules in force in the State to provide free legal aid to the poor, Scheduled Castes and Scheduled Tribes and that the State Government is of the opinion that it is necessary to make modifications and amendments in the different rules, for the time being in force, and to replace them with a single set of comprehensive rules so that all such sections of society as owing to their economic and other difficulties have been enable to enforce their legal rights, may get equal opportunities for securing justice.

Now, therefore, in order to facilitate the enforcement of the legal rights by economically and socially weaker classes of people, the Governor, Himachal Pradesh, is pleased to make the following rules:—

THE HIMACHAL PRADESH STATE LEGAL AID TO THE POOR RULES, 1980

CHAPTER I

PRELIMINARY

1. Short title, extent and commencement.—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh Legal Aid to the Poor Rules, 1980.

(2) These rules shall extend to the whole of the State of Himachal Pradesh.

(3) These rules shall come into force from such date as the State Government may, by notification in the Official Gazette, appoint in this behalf and differrent dates may be appointed for different areas.

2. Definitions.—In these rules, unless the context otherwise requires,—

(*a*) "aided person" means a person to whom the legal aid is provided under these rules;

(*b*) "Board" means the Himachal Pradesh State Legal Aid Board constituted under rule 3;

(*c*) "legal aid" means the legal aid provided in Chapter VII and it includes legal advice;

(*d*) the expression "legal practitioner" shall have the same meanings as have been assigned to it under the Advocate Act, 1961 (25 of 1961);

(*e*) "legal proceedings" means the proceedings in any court in any civil, criminal or revenue matter, from its institution till its final disposal, and includes the preparatory steps taken for the institution of such proceedings;

(*f*) "eligible person" means a person who is eligible to free legal aid under rule 23 of these rules; and

(*g*) "Chairman" means the Chairman of the Board constituted under rule 3 of these rules.

CHAPTER II

CONSTITUTION OF THE BOARD

3. Constitution of the Board.—(1) For carrying out the purposes of these rules, a Board shall be constituted by the State Government, and it shall be known as "the Himachal Pradesh State Legal Aid Board".

(2) The Himachal Pradesh State Legal Aid Board shall consist of the following:—

(*i*) Patron.....the Chief Minister.

(*ii*) Chairman.....the Law Minister.

Members

(*iii*) the Chief Secretary to the Government of Himachal Pradesh;

(*iv*) the Secretary (Law) to the Government of Himachal Pradesh;

(*v*) the Secretary (Finance) to the Government of Himachal Pradesh;

(*vi*) the Secretary (Welfare) to the Government of Himachal Pradesh;

(*vii*) the Advocate General, Himachal Pradesh;

(*viii*) an Advocate of Himachal Pradesh High Court, nominated by the Himachal Pradesh Government; and

(*ix*) a person representing the Scheduled Castes and Scheduled Tribes, nominated by the Himachal Pradesh Government.

4. Executive Committee of the Board.—The Executive Committee of the Board shall consist of as under:—

(*i*) the Secretary (Law) to the Government of Himachal Pradesh.....Convener;
(*ii*) the Secretary (Finance) to the Government of Himachal Pradesh;
(*iii*) the Deputy Secretary (Home) to the Government of Himachal Pradesh;
(*iv*) the Secretary (Welfare) to the Government of Himachal Pradesh;
(*v*) a person representing the scheduled castes and scheduled tribes, nominated by the Government.

